जागरण

बरसात ने बिगाड़ा खेल, नहीं निकल सकी स्वस्थ प्रभात फेरी

Wed, 23 Jan 2019 02:27 AM (IST)

शुद्ध और गुणवत्तायुक्त भोजन के सेवन के लिए मंगलवार को सिविल अस्पताल से मॉडल टाउन तक स्वस्थ भारत प्रभात फेरी निकाली जानी थी, लेकिन बरसात ने खेल बिगाड़ दिया।

जागरण संवाददाता, पानीपत: शुद्ध और गुणवत्तायुक्त भोजन के सेवन के लिए मंगलवार को सिविल अस्पताल से मॉडल टाउन तक स्वस्थ भारत प्रभात फेरी निकाली जानी थी, लेकिन बरसात ने खेल बिगाड़ दिया। देर से शुरू हुए कार्यक्रम के बावजूद प्रभात फेरी नहीं निकाली जा सकी। टीमों ने परिसर में रहकर ही लोगों को जागरूक किया। इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) की ओर से किया जा रहा है। एफएसएसएआइ के असिस्टेंट डायरेक्टर अखिलेश गुप्ता ने सिविल अस्पताल परिसर, मॉडल टाउन स्थित सामुदायिक केंद्र में शहरवासियों को बताया कि आटा, चावल, दूध, नमक और तेल का पैकेट तभी खरीदें जब उस पर प्लस एफ होलोग्राम लगा हो। होलोग्राम वाली सामग्री में भरपूर न्यूट्रिशियन, विटामिन और मिनरल होते हैं। मित्तल मेगा मॉल सहित अन्य स्थानों पर भी एक्टिविटी करते हुए, रेहड़ी और फड़ी दुकानदारों को जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि खाद्य सामग्री में नमक, चीनी और तेल की मात्रा कम से कम रखें। आशा वर्कर्स, एएनएम, एनसीसी कैडेट्स सहित टीम के सदस्यों ने सिविल अस्पताल में मरीजों-तीमारदारों को भी जागरूक किया। सभी जगह पौष्टिक भोजन का सेवन करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. नवीन सुनेजा, डॉ. मनीष पासी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्यामलाल आदि मौजूद रहे। बता दें कि गोवा से चली स्वस्थ भारत यात्रा बुधवार को सोनीपत के लिए रवाना होगी।